महत्वपूर्ण एवं खास

करैत सांप के काटने से ग्रामीण की मौत

कोरबा। विकासखंड कोरबा के ग्रामीण क्षेत्र में 50 वर्षीय कार्तिक राम पिता बलीराम की करैत सांप के काटने से मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने परीक्षण कर मृत्यु की घोषणा की। बताया गया कि पिछली रात को ग्रामीण अपने घर पर सोया हुआ था, तभी उसे सांप ने काट लिया। कुछ देर बाद उसने खुद को असहज महसूस किया और परिजनों को जानकारी दी। यहां वहां तलाश करने पर नजदीक में ही एक स्थान पर दुबका करैत नजर आया। आनन फानन में उसे दंडित करने के बाद ग्रामीण को अस्पताल लाया गया। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही उसकी सांसे थम गई थी। अस्पताल के प्रतिवेदन पर पुलिस चौकी ने मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

शासकीय वाहन से सागौन की तस्करी 4 नग सागौन बरामद

बीजापुर (आरएनएस)। जिले का भोपालपटनम क्षेत्र सागौन तस्करी मामलों को लेकर लगातार सुर्खियों में रहा है, इसी कड़ी में बीजापुर के शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 02-6384 से दिन-दहाड़े सागौन की तस्करी करते हुए वन विभाग के द्वारा लगाये गये जांच नाका में पकड़ा गया है। लेकिन इस सागौन तस्करी में किसी की गिरफ्तारी होने की जानकारी नहीं मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रालापल्ली के जंगल से शासकीय वाहन में सागौन की लकड़ी की तस्करी की सूचना वन विभाग को मिली सूचना पर वन विभाग के कर्मचारियों ने नाका लगाकर वाहनों की जांच के दौरान पशु चिकित्सा विभाग के वाहन से सागौन के 04 नग फारा बरामद किया है। वन विभाग के कर्मचारियों ने वाहन को जप्त कर कार्यवाही की रही है।

बीमार बच्चो का होगा नि:शुल्क उपचार

कांकेर (आरएनएस)। गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने की आशंका वाले जिले के कुपोषित बच्चों और शिक्षा विभाग द्वारा चिन्हांकित बच्चों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच किया जायेगा तथा जांच के बाद उपचार के लिए चिन्हांकित बच्चो का नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार मातृ एवं शिशु अस्पतला अलबेलापारा कांकेर में 05 एवं 06 अगस्त को विशेष स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रायपुर से आये विशेषज्ञ डॉक्टरो के द्वारा इन बच्चो की जांच की जायेगी तथा उनका चिन्हांकन कर नि:शुल्क उपचार किया जावेगा। जिले के ऐसे पालक जिनके बच्चे गंभीर रूप से बीमार हों, जन्मजात विकृतियो से पीड़ित हां, वे भी इस शिविर में ऐसे बच्चे को ला सकते है। उनका भी स्क्रीनिंग एवं उपचार किया जायेगा।

फसल बीमा संबंधी शिकायतों के लिए पोर्टल प्रारंभ

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के किसानों के फसल बीमा से संबंधित शिकायतों का निवारण अब आसान हो गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए पोर्टल शुरू किया गया है। जिले के किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर फसल बीमा से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराकर समस्या का निराकरण करा सकते है।

रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैण्ड का नाम बदला

सुकमा (आरएनएस)। राज्य स्तरीय समन्वय उप समिति की 10 मई 2022 को आयोजित बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक ने अवगत कराया है कि रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैण्ड का नाम परिवर्तित कर नेटवेस्ट मार्केट पीएलसी किया गया है। आरबीआई ने आमजनों को जागरूक करते हुए कहा है कि मुद्रा लोन उपलब्ध कराने के लिए कुछ व्यक्तियों व संस्था द्वारा रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैण्ड के नाम का उपयोग कर जनता से राशि वसूल की जा रही हैं, ऐसे व्यक्ति या संस्थाओं से सावधान रहने की अपील की।

विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत - मुख्यमंत्री

- ❒ भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और उभरती हुई आर्थिक ताकत
- ❒ धर्म के नाम पर समाज का विभाजन चिंताजनक
- ❒ भारत के 75 वर्ष एक समीक्षा' विषय पर एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में आयोजित तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री ने वर्चुअल सम्बोधन
- ❒ छत्तीसगढ़ सामाजिक न्याय और गांव स्वराज्य के सपने को कर रहा साकार

रायपुर (आरएनएस)। कमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग और बलिदान से यह साबित किया था कि सभी जाति, धर्म, समाजों की विविधता के बीच एक राष्ट्र के रूप में हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आजादी के बाद भारत ने जिन मूल्यों के साथ अपनी यात्रा शुरु की थी, हम उन मूल्यों को सहेजते और मजबूत करते हुए विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ये वही मूल्य हैं, जो हमारे संविधान की आत्मा हैं। जिनकी वजह से, तमाम चुनौतियों के बावजूद, हमारा लोकतंत्र जिंदा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में आयोजित कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र को वर्चुअल रूप से सम्बोधित कर रहे थे। यह कॉन्फ्रेंस भारत की आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में एसओएएस यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में एक अगस्त से 03 अगस्त तक भारत के 75 वर्ष एक समीक्षा विषय पर आयोजित है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि आज हमारे लोकतांत्रिक मूल्य पर खतरा मंडरा रहा है। हम इन मूल्यों को बचाकर और आगे बढ़ाकर भारत की स्वतंत्रता को बचाए रखने में अपना योगदान दे रहे हैं। हमारा देश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जब जनता के साथ न्याय के सवाल गैरजरूरी बना दिए गए हैं और गैरजरूरी सवालों पर देश को हांकने की कोशिश हो रही है। हम धर्म के नाम पर एक विभाजित समाज का खतरा झेल रहे हैं, यह बहुत ही चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि इस समय देश में आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ी जा रही है, यह लड़ाई आजादी पाने की नहीं, बल्कि बचाने की लड़ाई है। छत्तीसगढ़ में हम पूरी ताकत के साथ यह लड़ाई लड़ रहे हैं। आजादी के 7 दशक पूरे होने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में मुझे यह अवसर मिला कि एक प्रदेश के माध्यम से दुनिया को यह दिखा सकूं कि हमारे लिए आजादी के क्या मायने थे। स्वतंत्रता आंदोलन के क्या मूल्य थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के बाद हम भारतीयों ने जिस संविधान को आत्मसात किया है, वह प्रत्येक नागरिक के लिए, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता सुनिश्चित करता है। वह एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी भारत के निर्माण का हामी है। लेकिन विडंबना है कि बीते आठ सालों से देश में लोकतांत्रिक संस्थाएं एक के बाद एक ढहाई जा रही हैं, धर्मनिरपेक्षता को सिरे से नकारा जा रहा है। आजादी के बाद का आज सबसे चुनौतीपूर्ण दौर है। लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता खत्म की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद 75 वर्षों में हम एक देश की तरह कहां तक पहुंचे हैं। पूरे दो सौ वर्षों की गुलामी के बाद हमें 15 अगस्त 1947 को जब भारत आज़ाद हुआ तब से अब तक की हमारी यात्रा पर विचार करना है। देखना है कि हमने क्या खोया और क्या पाया। उन्होंने कहा कि भारत का आर्थिक वैभव इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि वर्ष 1700 में दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 24.4 प्रतिशत थी, जो गुलामी के दौर में लगातार घटती रही और जब भारत आज़ाद हुआ तो यह हिस्सेदारी घटकर 4.2 प्रतिशत रह गई थी। यह बात और किसी ने नहीं अंग्रेज अर्थशास्त्री एंगेस मैडेसन ने अपनी किताब में लिखी है। औद्योगिक क्षेत्र में हमारी भागीदारी 25 प्रतिशत से घटकर सिफर् दो प्रतिशत रह गई थी। हम सोने की चिड़िया कहलाते थे और जब आज़ाद हुए तो दाने-दाने को मोहताज हो चुके थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आज़ाद हुआ तब अंग्रेज़ों का अनुमान था कि हम इसे संभाल नहीं पाएंगे। पहले तो वे सोचते थे कि हम आज़ादी ही नहीं ले सकेंगे, लेकिन हमारे पास गांधी नाम का एक ऐसा महामानव था, जिसने भारतीयों को याद दिलाया कि उनकी ताक़त क्या है। हमारे पास उनके नेतृत्व में अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले सैकड़ों दीवाने थे जो देश के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार थे। हमारे पास भगत सिंह से लेकर सुभाष चंद्र बोस तक ऐसे अनगिनत नौजवान थे, जो हर क़ीमत पर आज़ादी हासिल करने को तैयार थे।

पर्यावरण विषय पर उत्कृष्ट प्रस्तुति पर डॉ.नागेंद्र सम्मानित

कोरबा। लायंस क्लब 3233 सी की प्रथम कैबिनेट बैठक निर्माण में लायन की पाठशाला कार्यक्रम अंतर्गत पर्यावरण पर उत्कृष्ट प्रस्तुति हेतु लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा को सम्मानित किया गया। लायन की पाठशाला का संचालन लायन राजेश चौरसिया द्वारा किया जा रहा है। जिसमें वे विभिन्न विषयों पर वैचारिक कार्यशाला का आयोजन कर सेवा कार्यों का और अधिक अच्छे ढंग से क्रियान्वयन कर सेवा कार्यों को गति देने के लिये लायन सदस्यों को प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं।

इसी तारतम्य में वैचारिक कार्यशाला का आयोजन लायन की पाठशाला में किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रस्तुति हेतु लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा को होटल सेंटर पॉइंट बिलासपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के कैबिनेट की प्रथम बैठक निर्माण में लायन की पाठशाला के संचालक लायन राजेश चौरसिया ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लायन की पाठशाला के संचालक लायन राजेश चौरसिया के अलावा माइक्रो डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पर्यावरण लायन छाया कटारिया, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन प्रत्युस सक्सेना, बीओडी मेंबर लायन नुसरत खान एवं अश्विनी बुनकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब के कैंप में दो सौ लोगों को लगा बुस्टर डोज

कोरबा। रोटरी इंटरनेशनल 3261 की शाखा रोटरी लब आफ कोरबा द्वारा जैन भवन में 227 लोगों को बूस्टर डोज लगाया गया। सुबह 10:00 बजे से 5बजे तक यह यह शिविर था। जिसमें रोटरी क्लब के अध्यक्ष सीएमएचओ डॉ बी बी बोडे का विशेष रूप से सहयोग रहा, उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब कोरबा का यह कार्यक्रम बहुत सराहनीय रहा और आगे भी इस तरह का कैंप समय-समय पर लगाया जाएगा। डॉ दीपक राज ओर उनकी मेडिकल टीम का भरपूर सहयोग मिला। रोटरी लब कोरबा के निर्वितमान अध्यछ विक्रम अग्रवाल,सचिव नितिन चतुर्वेदी ,कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पारस जैन, पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, हरीश सिंघल, अरुण बजाज, आशीष मोदी , संजय अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, सतनाम मल्होत्रा, संजय बुधिया, दीपक अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल ,भूमिका अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,आकाश सिंघानिया, पंकज जायसवाल, संतोष जैन उपस्थित थे।

विश्वकर्मा महिला मंडल द्वारा मनाया गया सावन महोत्सव

कोरबा। विश्वकर्मा महिला मंडल द्वारा हरिमंगलम कोरबा के सभागार में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। वरिष्ठ महिलाओं द्वारा दीप प्रज्जवलन के पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा रोचक नृत्य एवं संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गुलदस्ता थीम पर प्रकृति की हरियाली की तरह सजे झूले एवं मंच के सम्मुख विभिन्न प्रांतीय वेशभूषा में सजी सावन सुन्दरियों ने एक से बढक़र एक प्रस्तुतियां दीं। निशी शर्मा के कुशल संचालन एवं संयोजन में नूतन विश्वकर्मा, आदर्श शांडिल्य, सविता विश्वकर्मा, सावित्री राणा, तनुजा विश्वकर्मा द्वारा एकल गायन की प्रस्तुति दी गई वहीं पूजा विश्वकर्मा, सोनल विश्वकर्मा निशी शर्मा,मानसी विश्वकर्मा, शेफाली शर्मा संगीता विश्वकर्मा, रूबी विश्वकर्मा, नम्रता विश्वकर्मा आकांक्षा शर्मा, रानू विश्वकर्मा मानसी विश्वकर्मा, रेनू विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न वेशभूषा मुख्यत: छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, कश्मीरी, हरियाणवी, गुजराती, राजस्थानी, मराठी बिहारी, बंगाली वेशभूषा में नृत्य के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी एवं मधुर गीतों के माध्यम से शमा बाँध दिया। विश्वकर्मा महिला मंडल की मार्गदर्शिका पुन्नी विश्वकर्मा ने वीडियो कॉल के माध्यम से इस अभिनव आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के अंत में शीला विश्वकर्मा और कुसुम विश्वकर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कनकी पुल पर घंटों लगा जाम, लोगों को हुई परेशानी

कोरबा। उरगा-बलौदा मुख्य मार्ग पर कनकी के समीप बने पुल पर आज जाम लग जाने के कारण आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खासकर कांवरियों को ज्यादा ही परेशानी उठानी पड़ी। जाम के कारण पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। यातायात पुलिस को मार्ग जाम होने की सूचना मिलने पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जाम को खत्म कराकर आवागमन सुगम बनाने का प्रयास किया।

इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पुल पर जाम की स्थिति बनी हुई है। यातायात पुलिस के जवान इसे नियंत्रित करने प्रयास कर रहे हैं। शिव का धाम कनकी के समीप पुलिया में घंटो से जाम लगा है। पैदल मार्च करने वाले श्रद्धालुओं भीड़ से वाहनों का कतार लग गया है। सावन मास और सोमवार का दिन कनकी में श्रद्धालुओ की भीड़ होना स्वाभाविक है। भीड़ के लिए सुगम रास्ता बनना प्रशसान की जिम्मेदारी है, पर ऐसा नही है यहां भोले बाबा को जल चढ़ाने वालो को भीड़ से रास्ता बनाकर आगे बढऩा पड़ता है। यही वजह है की आज सुबह कनकी पुल में घंटो जाम लग गया। भीड़ की वजह से वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जाम की वजह से कई वाहन चालक दूसरे रास्ते सफर करने मजबूर है।

मातिन में हाथियों ने उत्पात मचाते रौंदी फसल

कोरबा। जिले के वनमंडल कटघोरा के एतमानगर में 15 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल ने बीती रात मातिन गांव में पहुंचकर बड़ी संख्या में किसानों की फसल रौंद दी जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा डिविजन के केंदई व एतमानगर रेंज की सीमा पर 15 हाथियों का दल पिछले कुछ दिनों से सक्रिय है। यह दल कभी केंदई रेंज की सीमा को पार कर वहां पहुंच जाता है तो कभी केंदई रेंज से एतमानगर पहुंच जाता है। बीती रात हाथियों का दल एक बार फिर केंदई रेंज की सीमा को पार कर एतमानगर क्षेत्र में प्रवेश किया और मातिन गांव के निकट पहुंचकर बीच रास्ते में कई किसानों की फसल रौंद दी। हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने की जानकारी आज सुबह तब हुई जब किसान अपने फसल को देखने खेत गए तो फसल रौंदा हुआ मिला और खेतों में हाथियों के पैरों के निशान थे। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के रेंजर सहित अन्य अधिकारियों को दी। जिस पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का सर्वे करने के साथ ही अपनी रिपोर्ट तैयार की और इसे अधिकारियों को सौंपा।

यौन शोषण के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर भयादोहन, युवती गिरफ्तार

कोरबा। पुलिस चौकी रामपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा पुलिस ने यौन शोषण के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर भयादोहन कर रुपए वसूली करने वाली एक युवती को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

प्रार्थी मुकेश प्रसाद महतो के द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि इंदु उर्फ इंदिरा चंद्रा नामक युवती के साथ दोनो के सहमति से प्रेम संबंध था, बाद में इंदु उर्फ इंदिरा चंद्रा से विवाद हो गया, इसके पश्चात इंदु चंद्रा उर्फ इंदिरा चंद्रा के द्वारा मुकेश महतो को यौन शोषण के मामले में फंसाने की धमकी देकर 3 लाख रुपए की मांग की गई। प्रार्थी मुकेश द्वारा रकम की व्यवस्था न कर पाने पर इंदु चंद्रा द्वारा मुकेश महतो के विरुद्ध यौन शौषण करने बावत शिकायत प्रस्तुत की और मुकेश महतो को फोन कर शिकायत के बारे में बताकर रकम की मांग की। प्रार्थी मुकेश महतो जेल जाने के भय से इंदु चंद्रा से बात कर कुल 2 लाख 30 हजार देने पर केस वापस लेने पर समझौता हो गया, तब इंदु चंद्रा शपथ पत्र बनवा कर अपना रिपोर्ट वापस ले ली थी।

कुछ दिनों बाद पुन: मुकेश महतो के विरुद्ध शिकायत कर रकम की मांग की, चौकी रामपुर में इंदु चंद्रा उर्फ इंदिरा चंद्रा के रिपोर्ट पर मुकेश महतो के विरुद्ध धारा 376 भादवि के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया जा रहा था। किंतु इंदु चंद्रा के द्वारा एफआईआर पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया गया। जिससे मुकेश के खिलाफ़ अपराध क़ायम नही हुआ। इंदु चंद्रा पुन: शपथ पत्र पेश कर शिकायत वापस ले ली। प्रार्थी मुकेश महतो द्वारा इंदू चंद्रा से रकम लेनदेन के संबंध में किए गए बातचीत का ऑडियो क्लिप एवं रकम देते समय का बनाया हुआ वीडियो क्लिप पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार युवती इंदिरा चंद्रा द्वारा युवक मुकेश महतो से पूर्व में 2 लाख रुपए वसूला जा चुका है, 1 लाख रुपए और देने लगातार धमकी दी जा रही थी। युवती इंदिरा चंद्रा द्वारा किए जा रहे ब्लैकमेलिंग से प्रताड़ित होकर प्रार्थी मुकेश द्वारा पुलिस चौकी रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। प्रार्थी मुकेश महतो द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, दस्तावेज, ऑडियो एवं वीडियो क्लिप की जांच पश्चात पुलिस चौकी रामपुर में आरोपिया इंदु चंद्रा के विरुद्ध धारा 384 भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया, आरोपिया इंदु उर्फ इंदिरा चंद्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

ऑनलाइन फ्रॉड करने वाली गैंग सक्रिय: पुलिस ने लौटाए डेढ़ करोड़, सावधान रहने की अपील

कोरबा। अलग-अलग तौर तरीकों से लोगों के पास मोबाइल पर कॉल कर ऑनलाइन फ्रॉड करने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इस प्रकार के काम में लिप्त गैंग दूसरे प्रदेशों से सक्रियता दिखा रही है।

कोरबा जिले में इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं। अनेक मामलों में तत्परतापूर्वक शिकायत दर्ज कराने पर पुलिस ने अब तक की स्थिति में डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम भुक्तभोगियों को लौटाने में सफलता प्राप्त की है। कुछ वर्ष पहले एसबीआई अधिकारी बनकर आने वाले फोन कॉल में ठगों के द्वारा कहा जाता था कि संबंधित कॉलर का एटीएम कार्ड ब्लॉक होने वाला है इसलिए सत्यापन के लिए जरूरी जानकारी दी जाए। झांसे में फंसने के साथ लोगों के खाते से हजारों से लेकर लाखों की रकम पार कर ली जाती थी। मामला समझ में आने के बाद पुलिसने ठगों पर नकेल कसी। इसके बाद अपनी जमीन पर मोबाइल टॉवर खड़े करने के नाम से ठगी का खेल शुरू किया गया। काफी लोगों को चपत लगाने के बाद जब ठग जेल पहुंचे तो उन्होंने नया पैतरा आजमाया। अब की स्थिति में लॉटरी से लेकर केबीसी में चयन होने का सपना दिखाकर ठगी करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा बीएसएनएल के सिम ब्लॉक होने का हवाला देकर भी लोगों से ठगी की जा रही है। कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी कर्मचारियों से लेकर व्यापारियों और जन सामान्य से लगभग 5 करोड़ की ऑनलाइन ठगी के मामले अलग. अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज किये गए हैं। लापरवाही अथवा समझ की कमी के कारण लोगों के साथ इस प्रकार की घटनाएं हुई है और उन्हें अपनी मेहनत की बड़ी धनराशि गंवानी पड़ी। कई किश्तों में अथवा एक मुश्त यह राशि गंवाने वाले लोगों के द्वारा पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने पर अज्ञात ठगों के खिलाफ मामले दर्ज किये गए और विवेचना में लिया गया। इसी के साथ लोगों को अलग-अलग माध्यम से जागरूक करने की कोशिश तेज की गई। पुलिस ने डिजिटल पेमेंट को लेकर सावधानी बरतने सहित फर्जी फोन कॉल से सावधान रहने की अपील भी लोगों से की है।

साइबर सेल प्रभारी कृष्णा साहू ने डिजिटल पेमेंट को लेकर सावधानी बरतने सहित फर्जी फोन कॉल से सावधान रहने की अपील भी लोगों से की है। जागरूकता से होगा बचाव ऑनलाइन फ्रॉड करने वाला गिरोह समय के साथ एडवांस हो रहा है जबकि पुलिस भी उन्हें दबोचने के लिए नई टैक्नालॉजी पर काम कर रही है। ऐसे मामलों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU